**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 25.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अब एन.पी.एस. और यू.पी.एस. के निवेश विकल्पों के विस्तार को मंजूरी दे दी है।
- निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं।
- मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने बैरेन द्वीप के लिए विशेष यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- आगामी छठ पूजा को देखते हुए कार्बाइंस कोव तट तक वाहनों की आवाजाही के लिए अधिसूचना जारी की गई है।

<><><><><><><>

सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली– एन.पी.एस. और एकीकृत पेंशन योजना– यू.पी.एस. के अंतर्गत लाइफ साइकिल–एलसी 75 और बैलेंस्ड लाइफ साइकिल–बी.एल.सी. जैसे निवेश विकल्पों के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इन विकल्पों का उद्देश्य रिटायरमेंट प्लानिंग में लचीलापन बढ़ाना और कर्मचारियों को अपने निवेश को अपनी पसंद और जोखिम क्षमता के अनुसार प्रबंधित करने की आजादी देना है। केन्द्र सरकार के कर्मचारी यू.पी.एस. और एन.पी.एस. के अंतर्गत अब डिफॉल्ट ऑपशन जैसे कई निवेश विकल्पों में से चुन सकते हैं।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को मतदान के दिन प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएँ और मतदाता सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। बिहार में अगले महीने की 6 और 11 तारीख को विधानसभा चुनाव होने हैं और सात राज्यों में उप–चुनाव 11 नवंबर को होंगे। सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं में पेयजल, प्रतीक्षालय, जल सुविधा युक्त शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढलान वाला रैंप, एक मानक मतदान कक्ष और उचित संकेत शामिल हैं।

<><><><><><><>

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने भारतीय सांख्यिकी संस्थान विधेयक, 2025 के मसौदे पर टिप्पणियां या सुझाव प्रस्तुत करने की समय–सीमा बढ़ाने की घोषणा की है। तीन नवम्बर तक सुझाव भेजे जा सकते हैं। मसौदा मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। capisi-mospi@gov.in पर सुझाव ईमेल किए जा सकते हैं। इसका उद्देश्य भारतीय सांख्यिकी संस्थान को पंजीकृत संस्था से एक वैधानिक निकाय में परिवर्तित करके उसका संस्थागत दर्जा बढ़ाना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती से देश भर में लोगों फायदा हुआ है। कृषि क्षेत्र में नई जीएसटी दरों से किसानों को बहुत लाभ मिल रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत ऋण लेने वाले लाभार्थियों से इस योजना के तहत सब्सिडी के दावे प्रस्तुत करने के लिए अपने संबंधित वित्त पोषण बैंक या प्रायोजक एजेंसी से संपर्क करने की सलाह दी गई है। पीएमईजीपी सब्सिडी दावों की प्रक्रिया में तेजी लाने और केवीआईसी को पुनः प्रस्तुत करने के लिए, लाभार्थियों से संबंधित वित्त पोषण बैंक या प्रायोजक एजेंसी से संपर्क करने को कहा गया है। केवीआईसी से सब्सिडी प्राप्त होने के बाद, उसे ऋण की अदायगी तक सावधि जमा खाते में रखा जाएगा और तृतीय पक्ष द्वारा सत्यापन और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद समायोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

सरकार ने पोषण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के टोल–फ्री हेल्पालाइन नंबर बदलने का निर्णय लिया है। अगले महीने की पहली तारीख से वर्तमान टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर 1 4 4 0 8 के स्थान पर नया हेल्पलाइन नंबर 1 5 1 5 होगा।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल रात भारत के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी, बैरेन द्वीप के लिए विशेष यात्रा हेतु हैडो जेट्टी से यात्री जहाज सिंधु को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि यात्रियों को इस प्राकृतिक घटना को देखने का एक आकर्षक और विशेष अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि बैरेन द्वीप की हर महीने दो यात्राएँ होंगी, जिससे स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। शैक्षणिक पहलू पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी स्कूलों के 125 छात्रों को बैरेन द्वीप की निःशुल्क यात्रा का अवसर दिया गया है। मुख्य सचिव ने द्वीपसमूह में क्रूज़ पर्यटन की अपार संभावनाओं पर भी ज़ोर दिया। इस जहाज में द्वीप के विभिन्न हिस्सों से आए 439 यात्री सवार हुए।

<><><><><><><>

आगामी छठ पूजा को देखते हुए दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट की ओर से कार्बाइंस कोव तट तक वाहनों की आवाजाही के लिए अधिसूचना जारी की गई है। आदेश में कार्बाइंस चौक जंक्शन से मजार पहाड़ तक के मार्ग को एकतरफा घोषित किया गया है। मजार पहाड़ से कार्बाइंस कोव बीच की ओर दोपहिया वाहनों को छोड़कर किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। इस अवधि के दौरान भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। हालाँकि, आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। चक्करगांव स्थित चिल्ड्रन पार्क से कार्बाइंस कोव रोड तक दोपहिया वाहनों को छोड़कर, अन्य वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। यह यातायात प्रतिबंध 27 अक्टूबर, को दोपहर दो बजे से लागू होगा, जो 28 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे तक प्रभावी रहेगा।

<><><><><><><>

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत, खेल विभाग की ओर से 1 नवंबर को 'पुरुषों और महिलाओं के लिए ओपन साइकिल रैली' आयोजित किया जाएगा। रैली सुबह 5.30 बजे नेताजी स्टेडियम से शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए चाथम पुलिस थाना जंक्शन से वापस नेताजी स्टेडियम पर आकर सम्पन्न होगी। 12 किमी साइकिल रैली में पुरुष और महिला प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागियों से अपनी साइकिल के साथ निर्धारित समय पर नेताजी स्टेडियम में उपस्थित होने को कहा गया है।

इस बीच, खेल विभाग नेताजी स्टेडियम में 1 और 2 नवंबर को 'तीरंदाजी प्रतियोगिता' आयोजित करने जा रहा है। इसमें भाग लेने के इच्छुक पुरूष और महिला प्रतिभागी 1 नवंबर को सुबह 8 बजे से पहले नेताजी स्टेडियम में सीधे रिपोर्ट कर सकते हैं। प्रतियोगिता सुबह 8.30 बजे से शुरू होगी।

<><><><><><><>

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत, कल डीब्रेट में नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के सेवन पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम  में एकीकृत व्यसन पुनर्वास केंद्र, एनएपीडीडीआर पुलिस, स्वास्थ्य और गैर सरकारी संगठन के सदस्य शामिल हुए।  परियोजना समन्वयक रोहित परोई ने अपने संबोधन में लोगों से नशे से दूर रहने का आग्रह किया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.के. महतो, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता रथिंद्र मलिक और अन्य वक्ताओं ने भी नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

एक सौ चौवन इन्फैंट्री बटालियन प्रादेशिक सेना बिहार की ओर से सैन्य भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली पन्द्रह से सत्ताईस नवंबर तक नेताजी स्टेडियम में चलेगी। अधिक जानकारी राष्ट्रीय करियर सेवा की वेबसाइट www.ncs.gov.in पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>